NBT
नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली > शनिवार, 10 जनवरी 2015 > पौष 20 शक 1936 > माघ कृष्ण 5 विक्रम 2071
पेज 30* > मूल्य 4.50 रु. या 9.

'EWS कोटे में डिस्टेंस की अहमियत'

मेरा एक ही बेटा है जिसकी उम्र 3+ है। मैंने आसपास के 10 से 15 स्कूलों में एडमिशन के लिए अप्लाई किया है। क्या मेरे बेटे का एडमिशन ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में हो जाएगा? - एनबीटी रीडर

ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में सबसे पहले 1 किमी की दूरी तक रहने वाले बच्चों की ऐप्लीकेशन को देखा जाएगा और ड्रॉ होगा। उसके बाद सीटें बचने पर 3 किमी की दूरी को देखा जाएगा। ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में एडमिशन ड्रॉ के जरिए होते हैं।

मैं SC कैटिगरी से हूं और मेरी बेटी का एडमिशन EWS कैटिगरी में एक प्राइवेट स्कूल में हुआ था। क्या हमें हर साल कॉपी, किताबें और ड्रेस खुद खरीदने होंगे या स्कूलवाले देंगे? अगर स्कूल वाले नहीं दें तो क्या करें ? अब तक हमनें ये सब कुछ खुद ही खरीदा है। - संजय केवल सिंघाड़िया

यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है।

मैं गवर्नमेंट जॉब करता हूं और मेरी सालाना इनकम 2.5 लाख है। हम एससी कैटिगरी से हैं। क्या मैं अपने बच्चे का एडमिशन डिसअडवांटेज कैटिगरी में करा सकता हूं? - नवीन

जी हां, आप डिसअडवांटेज कैटिगरी में अप्लाई कर सकते हैं।

मैं प्राइवेट जॉब करता हूं और मेरी सैलरी करीब 1,50000 रुपये है। मैंने इनकम सर्टिफिकेट भी बनवाया हुआ है। क्या मैं अपनी बेटी का एडमिशन ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में करा सकता हूं? हमारे पास एससी कैटिगरी का सर्टिफिकेट भी है। क्या हम ईडब्ल्यूएस और डिसअडवांटेज दोनों कैटिगरी में अप्लाई कर सकते हैं? कहीं, हमारा फॉर्म रिजेक्ट तो नहीं हो जाएगा? - आरती रावत

अगर आपके पास एससी कैटिगरी का सर्टिफिकेट है तो आप ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में अप्लाई कर सकते हैं। इस कैटिगरी में 25% सीटें रिजर्व है और ईडब्ल्यूएस कैटिगरी की ऐप्लीकेशन भी इसमें शामिल होती हैं।

एक्सपर्ट

सोमेश ऋषि पाठक,
चेयरमैन, एम. एम. पब्लिक स्कूल

बिंदास BOL

नर्सरी एडमिशन से जुड़े सवाल आप हमसे पूछ सकते हैं। हम एक्सपर्ट्स से आपके सवालों के जवाब लेकर उसे अगले दिन के अंक में छापेंगे।

अपने सवाल हमें भेजें
nbtdilli@gmail.com
और सब्जेक्ट में लिखें **Nursery**